बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
विद्या विहार, रायबरेली रोड
लखनऊ - 226 025, (उ.प्र.), भारत

आचार्य राज कुमार मित्तल
कुलपति

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY
LUCKNOW
प्रज्ञा शील करुणा
ESTABLISHED 1996

Babasaheb Bhimrao Ambedkar University
(A Central University)
Vidya Vihar, Raebareli Road
Lucknow-226 025 (U.P.), India

Prof. Raj Kumar Mittal
Vice Chancellor

No. VCS/26

Date 14.01.2026

लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएँ

लोहड़ी एवं मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति के ऐसे पावन पर्व हैं, जो प्रकृति, ऋतु परिवर्तन, श्रम और सामूहिक जीवन मूल्यों के प्रति हमारी आस्था को अभिव्यक्त करते हैं। इन पर्वो के अवसर पर मैं बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय परिवार के समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ही पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं मंगलकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

मकर संक्रांति जीवन में सकारात्मक दिशा परिवर्तन का प्रतीक है, जबकि लोहड़ी सामुदायिक एकता, कृतज्ञता और परंपराओं के संरक्षण का उत्सव है। ये पर्व हमें प्रकृति के साथ संतुलन, परिश्रम के सम्मान और सामूहिक चेतना के महत्व का स्मरण कराते हैं।

मेरी कामना है कि ये पावन पर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और बौद्धिक उन्नयन लेकर आएँ। आइए, हम भारतीय ज्ञान परंपरा, संविधानिक मूल्यों और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टि को साथ लेकर शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक दायित्व के मार्ग पर संकल्पबद्ध होकर आगे बढ़ें तथा विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय चेतना और वैश्विक उत्कृष्टता का केंद्र बनाएँ।

एक बार पुनः आप सभी को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएँ।

राज कुमार मित्तल
(राज कुमार मित्तल)